सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

9वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – 110092

सत्र: 2025-2026

कक्षा-दसवीं **विषय- हिंदी** **कार्यपत्रिका-2**

1.साखी- कबीर

निंदक नेड़ा राखिये, आँगणि कुटी बँधाइ।

बिन साबण पाँणीं बिना, निरमल करै सुभाइ ।।

हम घर जाल्या आपणाँ, लिया मुराड़ा हाथि।

अब घर जालौं तास का, जे चलै हमारे साथि।।

(i) निंदक को कहाँ रखना चाहिए ?

(क) दूर (ख) पास (ग) घर में (घ) कुटिया में

(ii) निंदक क्या काम करता है ?

(क) हमारे स्वभाव को निर्मल करता है। (ख) हमारी बुराई करता है।

(ग) कुछ नहीं करता। (घ) बोलता रहता है।

(iii) इन साखियों की रचना किसने की है ?

(क) मीरा ने (ख) कबीर ने (ग) सूरदास ने (घ) तुलसीदास ने

(iv) इनकी भाषा कौन-सी है ?

(क) ब्रज (ख) अवधी (ग) खड़ी बोली (घ) सधुक्कड़ी

(v) 'घर जलाने' का क्या आशय है ?

(क) अज्ञान को मिटा देना (ख) पुराने को नष्ट कर देना

(ग) ढोंग मिटाना (घ) मकान जलाना

2. बड़े भाई साहब- प्रेमचंद

i. बड़ा भाई छोटे भाई से उम्र में कितना बड़ा था ?

(क) पाँच साल (ख) चार साल (ग) तीन साल (घ) छह साल

ii. बड़ा भाई स्वभाव से कैसा था ?

(क) चिड़चिड़ा (ख) अध्ययनशील (ग) लड़ाकू (घ) संकोची

iii. बड़े भाई का कैसा रूप देखकर छोटे भाई के प्राण सूख जाते थे ?

(क) रौद्र रूप (ख) भोला रूप (ग) प्यारा रूप (घ) सहज रूप

iv. टाइम-टेबल किसने बनाया ?

(क) बड़े भाई ने (ख) छोटे भाई ने (ग) स्कूल ने (घ) किसी ने नहीं

v. 'लोहे के चने चबाना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है ?

(क) कठिन परिश्रम करना (ख) चने चबाकर गुजारा करना

(ग) लोहा निगलना (घ) भूखे मरना

vi. भाई साहब कब नरम पड़ गए ?

(क) जब भाई साहब पास हो गए।

(ख) जब दोनों भाइयों के बीच एक दरजे का अंतर रह गया।

(ग) जब भाई साहब फेल हो गए।

(घ) कभी नहीं।